BULANDSHAHRPOLICE

दिनांक 03 अप्रैल, 2024 **थाना सिकन्द्राबाद**

पुलिस का फर्जी आईकार्ड व वर्दी दिखाकर लोगो से चैकिंग के नाम पर उनका सामान चोरी करने वाला फर्जी उपनिरीक्षक गिरफ्तार ।

जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 03.04.2024 को थाना सिकन्द्राबाद पुलिस द्वारा उ0प्र0 पुलिस के फर्जी उ0नि0 को गिरफ्तार किया गया हैं। गिरफ्तार अभियुक्त चैकिंग के नाम पर पुलिस का आईकार्ड व पुलिस की वर्दी दिखाकर लोगो से धोखाधडी कर मोबाईल व अन्य सामान लेकर फरार हो जाता था। अभियुक्त द्वारा दिनांक 26.03.2024 को एक महिला से पुलिस की वर्दी दिखाकर चैंकिग के नाम पर मोबाइल चोरी कर लिया था जिसके सम्बन्ध में थाना सिकन्द्राबाद पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं 255/24 धारा 379,411,414,170,171,419,420 भादवि पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया हैं। अभियुक्त ने पूछताछ में बरामद मोबाइल को बुलन्दशहर से चोरी करने की स्वीकारोक्ति की गयी है जिनके सम्बन्ध में जानकारी की जी रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1- ब्रजपाल पुत्र बाबू निवासी ग्राम कैथाला थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी का विवरण-

1- 03 मोबाईल(चोरी के)
2- 01 उ0प्र0 पुलिस उ0नि0 आई0डी कार्ड
3- 01 आधार कार्ड
4- 01 उ0प्र0 पुलिस उ0नि0 की वर्दी

अभियुक्त ब्रजपाल का आपराधिक इतिहास-

1- मुअसं- 26/08 धारा 420/171 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।
2- मुअसं- 237/16 धारा 170/171/419 भादवि थाना गजरौला जनपद अमरोहा।
3- मुअसं- 482/19 धारा 379/411 भादवि थाना गुलावठी जनपद गाजियाबाद।
4- मुअसं- 484/19 धारा 4/25 शस्त्र अधि0 थाना गुलावठी जनपद गाजियाबाद।
5- मुअसं-255/24 धारा 379,411,414,170,171,419,420 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

गिरफ्तार करने वाली टीम

1. श्री राजकुमार मीना सहायक पुलिस अधीक्षक/ प्रभारी निरीक्षक सिकन्द्राबाद।
2. उ0नि0 धर्मेन्द्र बालियान, उ0नि0 हरेन्द्र सिंह
3. है0का0 हरवेन्द्र सिंह, है0का0 अरूण कुमार, का0 विनोद कुमार

मीडिया सैल बुलन्दशहर